दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्ष:- 04
अंक:-154
मुरादाबाद
(Tuesday)
24 September 2024
पृष्ठ:-8
मूल्य:- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति दिसानायके को दी जीत की बधाई, कहा- आपके साथ काम करने को उत्सुक

पीएम मोदी ने एक्स पर कहा, %श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनावों में जीत पर दिसानायके को बधाई।

श्रीलंका भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और विजन सागर में एक विशेष स्थान रखता है। मैं हमारे लोगों और पूरे क्षेत्र के लाभ के लिए हमारे बहुमुखी सहयोग को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।%प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अनुरा कुमारा दिसानायके को श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह भारत-लंका बहुआयामी सहयोग को और मजबूत करने के लिए दिसानायके के साथ



मिलकर काम करने को उत्सुक हैं।

श्रीलंका के चुनाव आयोग ने दूसरे दौर की गिनती के बाद मार्क्सवादी नेता दिसानायके को राष्ट्रपति चुनाव का विजेता घोषित किया। मार्क्सवादी जनता विमुक्ति पेरामुना पार्टी के व्यापक मोर्चे नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के नेता 56 वर्षीय दिसानायके ने सामगी जन बालवेगया (एसजेबी) के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी साजिथ प्रेमदासा को हराया। निवर्तमान राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे वोट सूची में शीर्ष दो में आने में विफल रहने के बाद पहले दौर में ही बाहर हो गए।दिसानायके को बधाई देते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर कहा, श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनावों में जीत पर दिसानायके को बधाई। श्रीलंका भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और विजन सागर में एक विशेष स्थान रखता है। मैं हमारे लोगों और पूरे क्षेत्र के लाभ के लिए हमारे बहुमुखी सहयोग को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

जीत पर दिसानायके ने क्या कहा- जीत के बाद दिसानायके ने कहा, सदियों से हमने जो सपना संजोया है, वह आखिरकार सच हो रहा है। यह जीत किसी एक व्यक्ति की मेहनत का नतीजा नहीं है। बल्कि लाखों लोगों का सामूहिक प्रयास है। आपकी प्रतिबद्धता हमें यहां ले आई है और इसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। ये जीत हम सबकी है। उन्होंने आगे कहा, यहां हमारी यात्रा उन अनेक लोगों के योगदान से प्रशस्त हुई है, जिन्होंने इस मकसद के लिए अपना पसीना, आंसू और यहां तक कि अपना जीवन भी दे दिया। उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। दिसानायके ने आगे कहा, आशा और उम्मीद से भरी लाखों आंखों ने हमें आगे बढ़ाया है और हम मिलकर श्रीलंका के इतिहास को फिर से लिखने के लिए तैयार हैं। इस सपने को नई शुरुआत से ही साकार किया जा सकता है। इस नई शुरुआत का आधार सिंहली, तमिल, मुस्लिम और सभी श्रीलंकाई लोग हैं। हम जिस नए पुनर्जागरण की तलाश कर रहे हैं, वह इस साझा ताकत और दृष्टिकोण से उभरेगा। आइए हम हाथ मिलाएं और इस भविष्य को एक साथ मिलकर आकार दें।

## 'जाति जनगणना बोलने तक से डरते हैं पीएम मोदी, नहीं चाहते बहुजन को हक मिले', राहुल का नया वार



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरक्षण के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ताजा हमलों के बीच पलटवार किया है। राहुल ने सोमवार को कहा कि बहुजन विरोधी भाजपा चाहे कितना भी झूठ फैला ले, लेकिन मुख्य विपक्षी दल आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देगा। हम तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक एक विस्तृत जाति जनगणना न हो जाए। आरक्षण पर से 50त्न की सीमा हटा कर हर वर्ग को उनका हक, हिस्सेदारी और न्याय न मिल जाए। जनगणना से प्राप्त जानकारी भविष्य की नीतियों का आधार न बन जाएं। मोदी जी जाति जनगणना बोलने तक से डरते हैं, वो नहीं चाहते हैं कि बहुजनों को उनका हक मिले! मैं फिर से दोहराता हूं कि मेरे लिए यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बहुजनों को न्याय दिलाना ही मेरे जीवन का मिशन है। दरअसल, अमेरिका में राहुल गांधी के आरक्षण को लेकर बयान पर भाजपा और उसके शीर्ष नेता उन पर लगातार हमले कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को जम्मू-कश्मीर की एक चुनावी सभा में आरक्षण के मुद्दे पर राहुल गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि किसी को भी पहाड़ी, गुज्जर, दलित, अन्य पिछड़े वर्गों सहित वंचित वर्गों को दिए गए आरक्षण को छूने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी अमेरिका में कह रहे हैं कि आरक्षण की कोई जरूरत नहीं है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि आपको पात्र समुदायों के लिए आरक्षण खत्म करने की इजाजत नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### चाइल्ड पॉर्न देखना-डाउनलोड करना पॉक्सो-आईटी कानून के तहत अपराध, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटा

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने आज इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि, चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े फोटो-वीडियो को स्टोर करना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध है।सुप्रीम कोर्ट सोमवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया है। जिसमें कहा गया था कि केवल बाल पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत अपराध नहीं है। जिसके बाद मद्रास हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस फैसले पर सुनवाई करते हुए कहा कि, बाल पोर्नोग्राफी को डाउनलोड करना, फोन में रखना और देखना पॉक्सो और आईटी एक्ट के तहत अपराध है।मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने आज इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि, चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े फोटो-वीडियो को स्टोर करना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध है। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने संसद को पॉक्सो अधिनियम में संशोधन के लिए कानून लाने का सुझाव दिया। जिसमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द को चाइल्ड यौन शोषण और अपमानजनक सामग्री से बदल दिया जाए।

## 'फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है... ', बदमाश अनुज सिंह के मुठभेड़ में ढेर होने पर बोले अखिलेश

सराफा लूटकांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह की एनकाउंटर में मौत के बाद अखिलेश यादव ने इस पर बयान जारी किया है और कहा कि किसी का भी फेक एनकाउंटर नाइंसाफी है।सुल्तानपुर सराफा लूटकांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद मचे विवाद पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान



दिया है। उन्होंने कहा कि सबसे कमजोर लोग ही एनकाउंटर को अपनी ताकत मानते हैं। किसी का भी फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है।उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि सबसे कमजोर लोग एनकाउंटर को अपनी शक्ति मानते हैं। किसी का भी फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है। हिंसा और रक्त से उत्तर प्रदेश की छवि को घूमिल करना उत्तर प्रदेश के भविष्य के विरूद्ध एक बड़ा षड्यंत्र है। आज के सत्ताधारी जानते हैं कि वो भविष्य में फिर कभी वापस नहीं चुने जाएंगे। इसीलिए वो जाते-जाते यूपी में ऐसे हालत पैदा कर देना चाहते हैं कि प्रदेश में कोई प्रवेश-निवेश ही न करे।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता ने जिस तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया है, भाजपाई उसी का बदला ले रहे हैं। जिनका खुद का कोई भविष्य नहीं होता, वहीं भविष्य बिगाड़ते हैं। बता दें कि अनुज प्रताप सिंह के एनकाउंटर के बाद उसके पिता व बहन ने भी इस पर सवाल उठाए हैं। सुल्तानपुर सराफा लूटकांड में इसके पहले मंगेश यादव की मुठभेड़ में मौत हो चुकी है।

## सुल्तानपुर सराफा लूटः एनकाउंटर में मारे गए अनुज के पिता बोले- अखिलेश यादव की इच्छा पूरी हो गई

सुल्तानपुर सराफा लूटकांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह के एनकाउंटर में मारे जाने पर उसके पिता ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। सुल्तानपुर सराफा लूटकांड के आरोप में एसटीएफ द्वारा उन्नाव में मारे गए शातिर अनुज प्रताप सिंह के पिता ने सरकार व सपा मुखिया पर तीखी प्रतिक्रिया



दी है। मोहनगंज के जनापुर निवासी धर्मराज सिंह ने कहा कि उनका बेटा अनुज चार जून को घर से गया था। उसे पुलिस ने एनकाउंटर में मार दिया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों पर 35 से 40 मुकदमें हैं। उनका कुछ नहीं हो रहा है। उनके बेटे पर एक मुकदमा था और सुल्तानपुर डकैती में नाम आया। पुलिस ने उनके बेटे का एनकाउंटर कर दिया। कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की इच्छा पूरी हो गई। ठाकुर का एनकाउंटर होने से उनकी इच्छा पूरी हो गई। सरकार की मर्जी है। जो सरकार कराए। जो भी हो रहा है बहुत गलत है एनकाउंटर में मारे गए अनुज सिंह की बहन अमीषा सिंह का कहना है कि जो भी हो रहा बहुत गलत है। सरकार मनमानी कर रही है। अगर किसी ने अपराध किया है तो उसको सजा कानून देगा लेकिन पुलिस ऐसे एनकाउंटर में मार रही है। पुलिस को वर्दी दी गई है जिसका गलत फायदा उठा रही है। जिस पर 36 मुकदमें हैं, उनका कुछ नहीं हुआ जिस पर एक मुकदमा था, उसका भी एनकाउंट कर दिया। अगर 15 लोग शामिल थे घटना में तो सभी का एनकाउंटर होना चाहिए। कोई इंसाफ नहीं मिल रहा है।

## मिर्जापुर में बोले सीएम योगीः विकास में बैरियर बन रहा विपक्ष, माफिया राज का हुआ अंत, दी 765 करोड़ की सौगात

सीएम योगी आज मिर्जापुर जनपद में योजनाओं परियोजनाओं की सौगात दे रहे थे इस दौरान जब सीएम ने मंच संभाला तो पहले इन्होने योजनाओं के लाभ और बदलते उत्तर प्रदेश के बारे में जनता को बताया इसके बाद विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग कभी माफियाओं के साथ थे आज वो विकास में बैरियर का काम कर रहे हैं। सीएम ने मिर्जापुर के मंच से कहा कि मैं सबसे पहले मां विन्ध्यवासिनी कके चरण में यहां के 765 करोड़ की योजनाओं के लिए धन्यवाद देता हूं। इन योजनाओं का लाभ आप सभी को मिले इसके लिए मां विंध्यवासिनी से प्रार्थना करता हूं। आज ये मंच अनेक योजनाओं को लेकर आया है ये जनपद विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संदेश पर अपना योगदान दे पाएगा इसलिए ये मंच लगा है। सीएम ने जनता से सवाल किया कि दस वर्ष पहले मिर्जापुर की स्थिति क्या थी यहां की सड़कों की क्या हालत थी? कहा कि यहां गुण्डा और माफिया राज कितना हावी था। सीएम बोले आपने बदलते हुए भारत को साढ़े सात साल में देखा होगा। आज मां विंध्यवासिनी धाम भव्य रूप ले चुका है।पहले मां विंध्यवासिनी धाम में संकरी गलियां थी इस बार 3 अक्टूबर से नवरात्र शुरू हो रहा है और ये भव्यदाम दिखेगा ।सीएम ने कहा अब मिर्जापुरवासी भी यह कह सकते हैं कि हमारे पास मेडिकल कालेज है,लोगों ने कहा यहां विश्वविद्यालय भी बनना चाहिए एक भव्य विश्वविद्यालय यहां पर



मिल गया है। हर घर नल की योजना प्रधानमंत्री के विजन का परिणाम है। लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा बीमारियों की रोकथाम होगी। जल जीवन मिशन के इस महत्वपूर्ण अभियान को पूरा करना है। सीएम बोले सोनभद्र में मेडिकल कालेज का निर्माण कराया है इस बार एडमिशन होगा अब बेटियों को नर्सिंग के लिए बाहर नहीं जाना होगा बेटी पढ़ेगी तो बढ़ेगी। सीएम योगी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि इसके पहले योजनाओं को देने में भेदभाव होता था पिछले दिनों हमारे डिप्टी सीएम आए थे रोजगार मेला लगा था हमने जाति खेमें के आधार पर बांटने का प्रयास नहीं किया गया। सामाजिक एकता के माध्यम से राष्ट्रीय एकता होनी चाहिए। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प कर रहे हैं। कहा आज जब बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा है। साढ़े सात साल में जो डबल इंजन की सरकार काम कर रही है बिना भेदभाव किसना गरीब को योजनाओं को पहुंचाने का काम किया जा रहा है। सीएम योगी ने मंच से कहा पहले जब हम इस क्षेत्र में आते थे ऐसे बहुत से लोग थे जिन्हे योजनाओं से वंचित कर रखा गया था। हम मकान राशनकार्ड सब देंगे हम लोगों ने इस कार्य को आगे बढ़ाया है। सीएम ने मिर्जापुर के युवाओं का आह्वान किया और कहा कि जो भी युवा स्वयं का स्टार्ट अप करना चाहते है नामांकन करवाएं आने वाले दिनों में दस लाख रूपये बिना ब्याज के उपलब्ध करवाने जा रहे हैं। सीएम ने कहा 2017 के पहले माफिया सक्रिय थे आज माफिया गिड़गिड़ा रहे है । कह रहे हूजूर बख्श दो। कहा जब सुरक्षा का ऐसा वातावरण होगा तो मां विंध्यवासिनी की कृपा बरसेगी।

सीएम ने विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि आज प्रदेश विकास के साथ आगे बढ़ रहा है वे बैरियर बनकर खड़ा होना चाहते हैं। मेरी अपील है आने वाली पीढी को पीएम के विकास अभियान को गांव गांव घर घर पहुंचाने का काम करना है। विकास का ये सिलसिला अनवरत आगे बढ़ता रहे इसलिए मैं आया हूं पहले विधवा बुजुर्ग और दिव्यांग को पेशन का लाभ नहीं मिल रहा है,सत्तर वर्ष के हर बुजुर्ग को बिना भेदभाव के पांच लाख रूपये उपचार के लिए सरकार उपलब्ध करवाएगी यूपी में कार्ड बनेंगे। कहा जिनके पास आवास नहीं उन्हें पीएम आवास या सीएम आवास का लाभ पहुंचाना चाहिए राशन की सुविधा मिले इसके लिए तेजी लानी चाहिए। सीएम ने जोर देकर कहा बिना भेदभाव तक शासन की योजना के लाभ को हर किसी तक पहुंचाने का काम करना है। यूपी के धार्मिक विकास को बताते हुए सीएम ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम को देख रहे होंगे जगमगा रहा है। दिव्य कुंभ भी दिखेगा। मिर्जापुर को दोनों ओर से लाभ होगा। सीएम सवाल करते हुए बोले अयोध्या धाम जगमग हुआ है, पांच सदी का इंतेजार समाप्त हुआ भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। सवाल पूछूंगा आखिर क्यों पांच सौ साल इंतेजार करना पड़ा? कहा कारण एक ही है निवारण एक ही है बंटे थे इसलिए कटे थे। सीएम ने आह्वान किया बंटिए मत ये डबल इंजन की सरकार आपके साथ खड़े होकर काम करेगी।

संपादकीय Editorial

# He would take risks for us

Then a risky job killed a young man. If we come to know how many crematoriums are running to repair power lines, then perhaps our homes would not have electricity. Thirty-two-year-old Uday Ram, while giving light to the Drang of Mandi, became a victim of such negligence, in which the system of the Electricity Board is the culprit. The deceased was not a government servant, but was performing his duty in an outsourced responsibility. The officials of the Electricity Department will have to answer who killed the person while working, but before that very high standards of safety of people involved in risky work will have to be made. We need a policeman on 24-hour vigil. A fitter is needed at the source in the morning itself for water supply. We need a driver-conductor of the bus service even at night to speed up our journey and some employee is needed 24 hours a day for power supply, but has the society ever thought who is taking risks for us. Have we ever asked the policeman how many hours he spends under the open sky so that there is no traffic jam and the department does not get defamed in every arrangement of law and order. Sometimes see how much blood pressure fills his veins while performing VIP duty. See the wounds on the palm of a lineman playing with naked wires, where the darkness of our house is dispelled in the dignity of every wound. Listen to the chaos of duty of those who bring water to our house by pulling it from the frozen pipes of winter. In such a situation, when all the flowers of the state are sacrificed on the leaders, the policies are requested to give a respectable and safe base to the employment ready for risk. Those who drive vehicles at night and take us to our destination miles away, they need the treatment of peaceful sleep during the day. Similarly, the prestige of a constable in every responsibility of the police department will be found in his duty chart and the prescribed hours of duty. It is not that the risks of those working in the private sector are less, but in the field of public service, when electricity is promised to every house and every household, then the courageous work of the fitter to the lineman needs the assurance of the government and strict discipline of work methods. The irony is that the welcome gates, stages and speech centers of the society always bow down before the leaders, but behind the mike from which a special guest speaks, there is a ready character of the story, 'Mr. Lineman'. We can start from the market. Why did the electric wires become the wires of death, will there be strict action as a result of this debate. Finally, what will be the value of this unfortunate person in our system? A small compensation or an excuse to conduct an inquiry. We should not forget how courageous it is to choose employment on the naked electric wires. Uday Ram's parents must have considered every bulb as their son's responsibility. The courage and bravery of the youth can be seen in such professions, but our negligence in giving them a safe cover often gives a pang and a grief. Will we consider Uday Ram's death as a sacrifice? Did the Electricity Board give any special status to its employees who take risks? After all, the board did not incur any loss due to the employees hanging on the electric wires. However, the cycle of economic loss has certainly given rise to such a situation of cutbacks and negligence that occasionally some unlucky person gets caught in it and becomes dear to the gods.

# If we get together, things will work out

The government has taken the first step towards 'one country, one election'. The government has taken this initiative by accepting the recommendations of the Kovind Committee. The real challenge is yet to come, the government will have to bring the opposition along. The central government may have taken the first step towards 'one country, one election' by accepting the recommendations of the Kovind Committee, but the real challenge is yet to come. Keeping aside the political differences and getting the opposition on its side on this issue and looking at the practical aspects of this plan, these are the two things that will decide how successful the government is in implementing this vision. The government is thinking of presenting a proposal related to 'one nation, one election' in the Parliament during the winter session. But it does not have the required numbers for this. This means that it will need the support of the opposition camp. Considering the kind of relationship that has been there between the ruling party and the opposition since the Lok Sabha election, it does not seem practical to expect that the opposition will cooperate in this matter in any way. Argument in favour: The high level committee formed to consider this matter had contacted 62 political parties. Out of these, 47 responded. 32 parties were in favour and 15 opposed. The biggest argument behind holding simultaneous elections in the entire country is that it will reduce expenses. And this argument is also strong that almost all the time there is an election atmosphere in some part of the country, due to which development work gets affected. It is also true that simultaneous elections will be convenient for those small parties who do not have the money to campaign repeatedly. How will resources be gathered: The argument of avoiding the expenses of repeated elections is right in its place, but the same argument works against this proposal as well. The question is whether the resources required to conduct elections in the entire country can be gathered on such a large scale? The recent Lok Sabha elections were held in seven phases. State assembly elections are also being held in different phases. Political diversity: After independence, the first four elections in the country were held on this pattern. This situation continued for a long time even after that. But then the circumstances were different. There was a single party government at the center and in the states. Political diversity has come in our political system due to the regional parties becoming stronger. Every state of the country has its own needs and issues. Every election is fought around these special issues. This diversity of the country should be kept in mind in any change, because this is our strength.



# Wrong message

The West Bengal government has suddenly closed the border with Jharkhand. This has increased the tension between the two states. Jharkhand's ruling party JMM has threatened to stop the supply of essential goods in retaliation. This incident is being considered a big setback for the relations between the two states. Due to this, the common people of both the states may have to face a lot of trouble. The Bengal government has closed the border with Jharkhand, due to which the tension between the two states has increased a lot. Common people may have to face trouble. The way the West Bengal government suddenly closed the interstate border with Jharkhand and in response, Jharkhand's ruling party JMM is threatening to stop the supply of essential goods from there, it will be considered a very bad incident in terms of mutual relations between the two states. Although this confrontation may increase the problems of the common people of both the states, it will not help in resolving the dispute. 11 districts submerged in flood: Actually, water was released by Damodar Valley Corporation (DVC). At the same time, 11 districts of West Bengal were submerged in flood. Chief Minister and TMC Chief Mamata Banerjee is calling it a 'man-made flood'. She alleges that this flood occurred due to the release of water from Jharkhand-based DVC. But the fact is that there has been heavy rain in those areas for the last two-three days. It is being told that due to rain, the reservoirs of Jharkhand had reached near the danger mark. Decision under the supervision of the committee: The biggest thing is that the decision to release water is not of the state government, nor does the immediate political equations have any role behind it. Its entire system has been in place for a long time. When and how much water is to be released is decided by a regulation committee which also includes representatives of both the state governments. The process of informing all the concerned parties about the decision at the right time is also fully defined. Conflicting claims: Mamata Banerjee says that this time her government was not informed on time, while Damodar Valley Corporation and the Central Government say that this time also the entire process has been followed. If there is any kind of lapse in implementation, then it can be investigated that at what level and why there was a lapse in giving information or reaching the concerned person. Taking allegations and counter-allegations to this level will not help in improving the situation. Question on opposition coordination: By the way, Mamata Banerjee has given the reason for sealing the border technically so that the vehicles coming from Jharkhand do not get washed away in the flood water. But if this was the case then there would not have been a threat from Jharkhand to stop the supply of essential goods. Keep in mind, there is an opposition coalition I.N.D.I.A. government in Jharkhand and Trinamool Congress is also considered a part of the opposition camp. In such a situation, this kind of dispute between these two governments is not giving any good message about the politics of the opposition.

# There is not much time

Aatishi will become the new Chief Minister of Delhi in place of Aam Aadmi Party chief Arvind Kejriwal. In such unexpected circumstances, this new responsibility will be very challenging for her. Although leadership changes have been seen many times just before the elections in the last few years, but this case is different from all of them.Aatishi is going to become the new Chief Minister of Delhi. This new responsibility is very challenging for Atishi. Assembly elections are to be held in Delhi next year. The same circumstances in which Atishi is being made the Chief Minister of Delhi in place of AAP chief Arvind Kejriwal are also making her tenure very challenging. Many examples of leadership change in the state just before the assembly elections have been seen in recent years, but this case is different from all of them.A period surrounded by challenges: The last two years have been challenging not only for the Aam Aadmi Party but also for the Delhi government in the sense that one by one many of its big leaders and ministers were sent to jail. The crisis deepened after Chief Minister Kejriwal went to jail. During that period, Atishi defended the party effectively. Her increased status in the party was also indicated by the fact that Chief Minister Kejriwal sent a letter from inside the jail saying that on August 15, Atishi should hoist the flag in his place. Short tenure: It is clear that Atishi is not going to get much time in this post. This post came to her when the two biggest leaders of the party - Arvind Kejriwal and Manish Sisodia - said that they will take up the post only after getting a fresh mandate. If the party is unable to get the mandate then she will have to leave the post, even if the party wins the election, her removal from the post of Chief Minister is almost certain. In such a situation, if she has to leave a mark of her work then there is really very little time for that. Demand for early elections: Interestingly, her party is demanding to hold elections before time in November itself and BJP is also saying that it is ready for this in a challenging posture. However, the truth is that due to technical issues like renewal of voter list, it is difficult for the Election Commission to hold elections before time. By the way, if the AAP leadership really wanted early elections, the government would have recommended dissolution of the assembly. This means that the Atishi government has four-five months of time. It remains to be seen how it uses it. Eye on new experiment: It will also be interesting to see how the Aam Aadmi Party uses the energy of its two leaders who are free from the responsibilities of the Chief Minister and Deputy Chief Minister. In Delhi, its fight will definitely be to save its ground from BJP as well as Congress, but in states like Haryana, its stance will also be tested in terms of how strong the unity of the opposition alliance I.N.D.I.A. can be considered. Overall, everyone's eyes will be on this new experiment of AAP started in Delhi and its results.

# कुदरत का चमत्कार: दाईं तरफ धड़क रहा नवजात का दिल, जांच के बाद डॉक्टर भी रह गए हैरान.. बोले- डेक्सट्रोकार्डिया

मुरादाबाद-मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में जन्मी नवजात का दिल बाईं की जगह दाईं तरफ धड़क रहा है। बच्ची को अब तक कोई गंभीर समस्या नहीं हुई है। इस लिहाज से यह दुर्लभ मामला है। डॉक्टरों का कहना है कि हजारों में एक या दो मामले सामने आते हैं। कुंदरकी क्षेत्र के हरियाना गांव में ह्रदय संबंधी एक विचित्र मामला सामने आया है। एक माह पहले मुरादाबाद शहर के एक निजी अस्पताल में जन्मी नवजात का दिल बाईं नहीं दाईं तरफ धड़क रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे केस दुर्लभ हैं, हजारों में एक या दो सामने आते हैं। स्वास्थ्य जगत के लिहाज से यह मामला इसलिए भी दुर्लभ है क्योंकि बच्ची को अब तक कोई गंभीर समस्या नहीं हुई है। हालांकि परिजन स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। वह लगातार डॉक्टरों के संपर्क में हैं और बच्ची के स्वास्थ्य पर बात कर रहे हैं।हरियाना गांव निवासी कारपेंटर महबूब सैफी की पत्नी मेराज ने एक माह पहले मुरादाबाद के निजी अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी से पहली बेटी को जन्म दिया। फूल सी बेटी के घर लाने के बाद मां को आभास हुआ कि बेटी का दिल दाईं ओर धड़क रहा है। इसको लेकर परिजन चिंतित हो गए। स्थानीय डॉक्टर ने जब जांच कराई तो स्पष्ट हुआ कि बच्ची का दिल दाईं और है। कार्डियोलॉजिस्ट इस दुर्लभ स्थिति को डेक्स्ट्रोकार्डिया नाम दे रहे हैं। उनका कहना है कि यह जन्मजात विकृति के रूप में देखा जाता है लेकिन जरूरी नहीं है कि ऐसे बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी होगी। वह अपना पूरा जीवन सामान्य रूप से जी सकते हैं। ऐसे मामले में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर उनके परिजनों को ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नहीं है। एक साल तक बच्चे का रखें विशेष ध्यान- शहर के वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि डेक्स्ट्रोकार्डिया 10-12 हजार बच्चों में से एक को हो सकता है। ऐसी स्थिति में गर्भ के दौरान शिशु का ह्रदय दाईं ओर चला जाता है। दिल के अलावा लिवर भी बाईं ओर जा सकता है। आंतें भी अपने स्थान से दूसरी तरफ शिफ्ट हो सकती हैं। यदि पूरी स्थिति ही उल्टी हो तो इसे साइटस इनवर्टस कहते हैं। इसमें भी बच्चों को जीवन भर परेशानी आने की संभावना कम ही रहती है। केवल दिल में मामले में परिजनों को शुरुआती एक साल में ध्यान रखना होगा।माता-पिता ने नाम रखा है आयजा - एक माह पहले जन्म लेने वाली बच्ची विचित्र परिस्थितियों को लेकर सबका ध्यान आकर्षित कर रही है। परिजन उसकी विशेष देखभाल कर रहे हैं। उन्होंने अपनी लाडली का नाम आयजा रखा है। आयजा अपने माता-पिता की पहली संतान है। आसपास के लोग व रिश्तेदार भी लगातार बच्ची को लेकर परिवार से बातचीत कर रहे हैं।



## जीआरपी के तीन सिपाही निलंबित: चोरी में निर्दोष को पकड़ा, परिजनों से मांगे छह लाख... एसएसपी ने ट्रेस कर छुड़ाया

मुरादाबाद-जीआरपी के तीन सिपाहियों ने ट्रेनों से चोरी करने के आरोप में एक निर्दोष युवक को पकड़ लिया। इसके बाद उसके परिजनों से छह लाख रुपये मांगे। परिजनों की सूचना पर एसएसपी मुरादाबाद ने युवक को ट्रैस कर सिपाहियों के चंगुल से युवक को छुड़ाया। ट्रेन में चोरी के मामले में लखनऊ के निर्दोष युवक को पकड़ने के मामले में जीआरपी के लाइन हाजिर सिपाहियों की नौकरी पर बन आई है। पीड़ित के परिजनों ने एडीजी तक शिकायत पहुंचा दी है। इसके बाद एसपी जीआरपी आशुतोष शुक्ला ने तीनों सिपाहियों रोहित कुमार, सौरभ पवार व प्रिंस कुमार की फटकार लगाई है। उन्होंने लाइनहाजिर सिपाहियों का सर्विस रिकॉर्ड निकलवाया है। अब गर्दन फंसती देख तीनों सिपाही आला अधिकारियों को सफाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि चोर को पकड़ने की सूचना लीक न हो, इसलिए उसके साथी को भी पकड़ लिया। इस पर उनकी और फटकार लगी। एसपी ने कहा कि यदि निर्दोष युवक को पकड़ा तो उसकी सूचना परिजनों को क्यों नहीं दी।ज्ञात हो कि ट्रेन की ए-वन क्लास में हुई हाईप्रोफाइल चोरी के मामले में जीआरपी की सर्विलांस टीम ने लखनऊ से एक चोर को गिरफ्तार किया। चोर पर बरेली व मुरादाबाद में कई मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ का हवाला देकर जीआरपी के सिपाहियों ने लखनऊ के चिनहट के निवासी अमरदीप को पकड़ लिया। घटना 17 सितंबर की है। उसे अगले दिन तक थाने में रखा। आरोप है कि अमरदीप के घर एक फोन पहुंचा। चोरी के आरोप में जेल भेजने का डर दिखाया गया और छह लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पीड़ित की पत्नी ने लखनऊ के चिनहट थाने में सूचना दी। वहां की पुलिस ने मुरादाबाद के एसएसपी सतपाल अंतिल को इसके बारे में बताया। एसएसपी ने एसओजी लगाई और युवक की लोकेशन ट्रेस की। जीआरपी थाने में युवक मिला और सिविल पुलिस ने उसे जीआरपी से छुड़ाकर परिवार के हवाले कर दिया। एसपी जीआरपी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि तीनों सिपाहियों ने पहले भी कार्य में लापरवाही बरती है। लाइन हाजिर करने के बाद उनका पूरा रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।



## अमन को इन्साफ कब?- रोते हुए पिता बोले- आखिरी दम तक कोर्ट में करुंगा पैरवी, पुलिस की कार्रवाई से परिजन निराश

मुरादाबाद-मुरादाबाद में थार से कुचलकर अमन की मौत के मामले में अभी तक पुलिस की कार्रवाई से पिता योगेंद्र कुमार निराश हैं। आंसू पोछते हुए कहा कि अभी हार नहीं मानी है। बेटे को



इन्साफ दिलाने के लिए आखिरी दम तक आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में पैरवी करुंगा। आरोपियों को सजा दिलाना ही जीवन का मकसद है। सिविल लाइंस के चंद्र नगर निवासी लोको पायलट योगेंद्र कुमार का बेटा अमन 15 सितंबर की रात दस बजे अपनी बहन माही के जन्मदिन पर बाजार से केक खरीदने के लिए बाइक से निकला था। कंटेनर डिपो के सामने कट पर थार सवारों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई थी। इससे पहले अमन का थार सवारों से विवाद हुआ था।थार में नीलकंठ कॉलोनी निवासी अनमोल, लाजपतनगर निवासी सुकेत खन्ना, रेलवे कॉलोनी हरथला निवासी दिव्यम चौधरी मौजूद थे। घटना के बाद लोगों ने अनमोल को पकड़ लिया। उसके दो साथी कूदकर भाग निकले। पुलिस ने अनमोल को दोषी पाते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इधर अमन के पिता योगेंद्र का कहना है कि एसपी सिटी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था।घटना के नौ दिन बाद दो अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ पैरवी करेंगे। सोमवार को अपने अधिवक्ता से इस बारे में रायमशविरा करेंगे। घटना से अभी परिवार उबरा नहीं है। अमन की बहनें और मां का रोते-रोते बुरा हाल हो गया है। वहीं एसएसपी सतपाल अंतिल का कहना है कि इस मामले में सिविल लाइंस पुलिस विवेचना कर रही है। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी। व्यापारियों ने निष्पक्ष जांच की मांग उठाई- थार से कुचलकर अमन की मौत के मामले में व्यापारी सुरक्षा फोरम ने निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। सुरक्षा फोरम से जुड़े व्यापारियों ने कहा कि घटना की सच्चाई सामने आए, इसके लिए निष्पक्ष जांच जरूरी है। वहीं व्यापारियों के साथ अनमोल के पिता मनोज अरोड़ा ने भी बात रखी। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के अध्यक्ष विजय मदान और नितिन राज ने रविवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि दुर्घटना में अमन की मौत से व्यापारी भी दुखी हैं। इस मामले में व्यापारी वर्ग ने एसएसपी से निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। व्यापारी एसएसपी कार्यालय गए थे, लेकिन एसएसपी से मुलाकात नहीं हो सकी।पत्रकार वार्ता के दौरान व्यापारी सुरक्षा फोरम के पदाधिकारियों के साथ आरोपी अनमोल का परिवार भी मौजूद रहा। अनमोल के पिता मनोज अरोड़ा ने बताया कि उसका बेटा बेकसूर है। घटना से पहले उसका किसी से कोई विवाद नहीं हुआ था। 15 सितंबर की रात अनमोल दिल्ली से थार से अपने ड्राइवर के साथ आ रहा था।

## यात्रियों की संख्या बढ़ी: दिवाली से पहले ही ट्रेनें फुल, पूर्वांचल जाने के नहीं मिली रही सीट, 15 हजार वेटिंग

मुरादाबाद-दिवाली से पहले ही रेलवे की अधिकांश ट्रेनों की सीटों की बुकिंग हो चुकी है। पूर्वांचल जाने वाले सभी रेलगाड़ियों में सीटें फुल हो गई है। करीब 15 हजार यात्री वेटिंग लिस्ट में हैं। दिवाली से एक माह पहले ही पूर्वांचल की अधिकतर ट्रेनें फुल हो गई हैं। 15000 यात्रियों के टिकट वेटिंग में हैं। 29 अक्तूबर से लेकर तीन नवंबर तक लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, गोरखपुर समेत बिहार के विभिन्न जनपदों में जाने के लिए सीटें खाली नहीं हैं। रेलवे है।इनमें से अधिकतर ट्रेनों में चलने से पहली ही बुकिंग से हर दिन लगभग 4500 यात्री ऑनलाइन काउंटर से 5000 को छूने लगा है। रोजाना औसतन 500 यात्री इजाफा हुआ है। शहीद, श्रमजीवी, अवध असम, गरीब सामान्य ट्रेनों के स्लीपर कोच से लेकर फर्स्ट एसी में दिल्ली, जम्मू जाने वाली ट्रेनों में भी वेटिंग लिस्ट जारी करने का प्लान बना रहा है। मंडल स्तर से व्यस्त रूटों करा दी गई है। उत्तर रेलवे मुख्यालय से ही स्पेशल है राहत- यदि आप भी त्योहार पर घर जाने का प्लान विकल्प स्कीम मददगार साबित हो सकती है। विकल्प का ऑप्शन चुनना होगा। इससे आपकी ट्रेन ट्रेन में उपलब्धता के आधार पर सीट दे दी जाएगी। यात्रियों की मुश्किल हल हो सकती है। वेटिंग टिकट



अब तक लगभग 20 स्पेशल ट्रेनों की घोषणा कर चुका फुल हो गई है। रेलवे के आंकड़े के मुताबिक मुरादाबाद टिकट बुकिंग कराते हैं। त्योहार आने से पहले यह आंकड़ा अतिरिक्त बुकिंग करा रहे हैं। इससे रेलवे की आय में भी नवाज, काशी विश्वनाथ, दुर्गियाना एक्सप्रेस आदि भी बुकिंग नहीं मिल रही है। पूर्वांचल के अलावा पंजाब, होने लगी है। अब रेलवे कुछ और स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की जानकारी जोनल मुख्यालय को पहले ही उपलब्ध ट्रेनों की घोषणा की जाएगी। विकल्प स्कीम दे सकती बना रहे हैं और ट्रेन में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा तो आईआरसीटीसी से ऑनलाइन बुकिंग करते समय में सीट कंफर्म न होने पर समान रूट की किसी दूसरी आपको दोबारा बुकिंग नहीं करनी पड़ेगी। इससे कई वाले यात्री नहीं कर सकेंगे सफर - काउंटर से वेटिंग टिकट खरीदने वाले यात्री जनरल क्लास में सफर करने के लिए अधिकृत हैं। पिछले दिनों वेटिंग टिकट वालों को ट्रेनों से उतारने के मामले सामने आए। रेलवे का कहना है कि ज्यादा भीड़ के कारण वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को जनरल बोगियों में शिफ्ट किया जाता है। यदि आरक्षित कोच में भीड़ नहीं होती तो टीटीई सीट उपलब्ध होने पर वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को दे देते हैं। त्योहार पर भीड़ होना तय है, ऐसे में वेटिंग टिकट वाले यात्रियों का सफर मुश्किल में है। इन स्पेशल ट्रेनों में अभी उपलब्ध हैं सीटें- ट्रेन नंबर कहां से कहां तक-04060 59 आनंदविहार-जयनगर-आनंदविहार, 04068 - 67 दिल्ली-दरभंगा-दिल्ली, 04044 - 43 -आनंदविहार-गोरखपुर-आनंदविहार,04010 - 09 - आनंदविहार-जोगबानी-आनंदविहार, 04678 -77- फिरोजपुर-पटना-फिरोजपुर,04211 -12 - बनारस-चंडीगढ़-बनारस, 04312 - 11 - हरिद्वार-हावड़ा-हरिद्वार, 04058 -57- आनंदविहार-मुजफ्फरपुर-आनंदविहार त्योहार के कारण लोग कई दिन पहले से टिकट की बुकिंग करा रहे हैं। इसके दृष्टिगत कई स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की गई है। त्योहार के नजदीक आते आते कुछ और ट्रेनों की घोषणा हो सकती है। फिलहाल कई ट्रेनों में सीटें उपलब्ध हैं। - आदित्य गुप्ता, सीनियर डीसीएम

## संक्षिप्त समाचार

### हैलो मैं कोतवाल बोल रहा हूं...4 घंटे हाउस अरेस्ट कर साइबर अपराधियों ने सुपरवाइजर से ठगे 2 लाख

मुरादाबाद-। कटघर थाना क्षेत्र स्थित हाईटेक ट्रेडिंग कॉरपोरेशन कंपनी के सुपरवाइजर को हाउस अरेस्ट करके साइबर अपराधियों ने 2 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने खुद को कोतवाल बताकर 4 चार घंटे तक पीड़ित को हाउस अरेस्ट में रखा। पूरी तरह निगरानी में फंसाकर बेटे को दुष्कर्म के मुकदमे से बरी करने का झांसा देकर रकम ट्रांसफर करा ली। हालांकि बेटा सही सलामत घर पर था। पीड़ित ने मामले में कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई है। नागफनी थाना क्षेत्र के अकबर कंपाउंड निवासी फसाहत हुसैन ने कोर्ट में दी अर्जी में बताया कि वह कटघर के रहमत नगर में स्थित हाईटेक ट्रेडिंग कॉरपोरेशन में सुपरवाइजर का काम करते हैं। उन्होंने बताया है कि 27 मार्च 2024 की सुबह उनके व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से वीडियो कॉल आई। कहा कि फसाहत हुसैन बोल रहे हो...पीड़ित बोला हां। फिर ठगों ने कहा मैं कोतवाल बोल रहा हूं। चार युवकों को युवती से दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया है। जिसमें आपका बेटा फैज भी शामिल है। इसके बाद ठगों ने फैज पर आरोप लगाते हुए कहा है कि आपके बेटे के नंबर से युवती को कॉल की गई थी। जिसका संबंध इस मामले से है। इसी दौरान जालसाजों ने पीड़ित को वीडियो कॉल पर ही तीनों युवकों को पिटता हुआ दिखाया। तीनों की पिटाई से पीड़ित घबरा गया। आरोप है कि बेटे को मामले से रिहा व दुष्कर्म पीड़िता के डीएनए टेस्ट कराने का झांसा देकर ठगों ने कई बार में पीड़ित से 1 लाख 90 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। साइबर अपराधियों ने पीड़ित को करीब 4 घंटे तक हाउस अरेस्ट करके रखा। रकम मिलने के बाद ठगों ने कॉल कट कर दी। परेशान होकर पीड़ित ने घर फोन किया। पता चला कि बेटा घर पर सुरक्षित है। इसके बाद पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। उसी समय पीड़ित ने मामले में साइबर सेल पर शिकायत दर्ज कराई। हालांकि अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। परेशान होकर पीड़ित ने कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया है कि कोर्ट के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। ऐसे वारदात को अंजाम देते हैं ठग- साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा हैं। आम लोगों को शिकार बनाने के लिए शातिर अपराधी नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। जरा सी चूक होते ही लोग जाल में फंस जाते है। ऐसे में साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। हालांकि उसमें भी पुलिस साइबर पुलिस फेल होती नजर आ रही है। दरअसल, हाउस अरेस्ट के दौरान साइबर अपराधी लोगों से पुलिस की वर्दी में बात करते हैं। इसके बाद परिवार के किसी भी सदस्य को झूठा मुकदमा या फिर किसी अन्य में फंसाने का झांसा देंगे। फिर हाउस अरेस्ट करके निगरानी में रखेंगे। उल्टे-सीधे सवाल करके जाल में फंसाने का नाटक करेंगे। पूरी तरह से फंसने के बाद रकम ऐंठ लेते हैं।

### जमीन के विवाद में पूर्व विधायक समेत 9 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, सभी ने फहीम के घर पर किया था हमला

मुरादाबाद-मुरादाबाद देहात के पूर्व विधायक इकराम कुरैशी, उनके बेटे और अन्य लोगों पर जमीन विवाद के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। गलशहीद थाना क्षेत्र के रहने वाले मोहम्मद फहीम ने कोर्ट में दी अर्जी में बताया है कि पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, उनके बेटे उबैद इकराम, जुनैद और फुरकान, मुस्तकीम, गुफरान उर्फ राजू, फरहान, दानिश से पैतृक संपत्ति के बंटवारे का मुकदमा चल रहा है। आरोप है कि बीती 4 सितंबर को इशा की नमाज पढ़कर लौटा था। इसी दौरान पीछा करते हुए हथियारों से लैस पूर्व विधायक व बेटे समेत अन्य लोगों ने उसके घर पर धावा बोल दिया। सभी ने एकजुट होकर पीड़ित व उसके परिजनों से मारपीट की। विरोध करने पर संपत्ति छोड़कर यहां से चले जाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने मामले की शिकायत गलशहीद थाने में की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जान की सुरक्षा को लेकर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश पर पूर्व विधायक इकराम कुरैशी, उनके बेटे समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# तालाब संचालक के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंची पीड़िता जिलाधिकारी कार्यालय

क्यूँ न लिखूँ सच -सिकंदर राजा

मुरादाबाद थाना मंझोला जयंतीपुर टीचर कॉलोनी निवासी एक पीड़िता ने मुरादाबाद जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर तालाब संचालक के खिलाफ एक प्रार्थना पत्र सोपा है दरअसल दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता सोनी पादमा ने आरोप लगाया है की थाना मझोला क्षेत्र जयंतीपुर टीचर कॉलोनी में एक तालाब है जो की 10 फीट खुदाई कर घनी आबादी के बीचो-बीच बना हुआ है जिसमें मछली का पालन होता है पीड़िता का कहना है इस तालाब में कई बच्चे भी गिर गए और उनकी मौत हो गई है दरअसल दिए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया है कि बीते



कुछ समय पूर्व इसी तालाब में उनका 6 साल का मासूम बेटा और एक ओर परिवार की मासूम बच्ची भी गिर गई थी जहा दोनो की मौत हो गई थी बताया जा रहा है कि पीड़िता ने इस मामले की शिकायत आला अधिकारियों से की थी और कहा कि इस तालाब को बंद कराया जाए वही तालाब संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए आरोप है कि जयंतीपुर की पुलिस ने उनकी दी गई शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की और पुलिस ने एक दलाल के साथ हमसाज होकर संचालक से मोटी रकम ले ली पीड़िता का यह भी आरोप है कि तालाब संचालक उसे धमका रहा है और केस वापस लेने की बात कर रहा है बता दें की पीड़िता अपने मासूम बच्चे की मौत होने के बाद न्याय की गुहार लगाने के लिए आला अधिकारियों की चौखटों पर जाकर न्याय की गुहार लगाने को मजबूर है पीड़िता का कहना है कि सैयद रहमान नाम का व्यक्ति जो की मुगलपुरा का रहने वाला है उसने यह तालाब 10 फीट खुदाई करके घनी आबादी के बीचो-बीच बना दिया है जिसमें कई मासूम की मौत हुई है उनका कहना है कि इस तालाब के साइड में ना तो कोई बेरीकटिंग है और ना ही कोई सुरक्षा गार्ड तैनात है बताया है कि हादसे को देखकर भी प्रशासन खामोश बैठा है तालाब को पूरी तरह से बंद नहीं किया है बस सिर्फ तालाब के चारों ओर मामूली से बास लगवा दिए हैं लेकिन बच्चे अभी भी वहां जा रहे हैं अगर ऐसे में अगर तालाब पूरी तरह से बंद नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा अभी भी हो सकता है पीड़िता ने मांग की है कि इस तालाब को तत्काल बंद कराया जाए जिससे आज पड़ोस के बच्चे इस गहरे तालाब का शिकार ना हो

# मोदी जी शहीद के पिता की सुन लीजिए पुकार, जिला कलेक्टर रीवा के माध्यम से सौंपा गया ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप कुमार तिवारी डिप्टी मैनेजर

शहीद के पिता ने माननीय राष्ट्रपति महोदया एवं पी एम ओ कार्यलय एवं पेट्रोलियम मंत्री भारत सरकार को कृपया सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु दिया आवेदन पत्र साथ में मध्य प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री को भी दिया गया आवश्यक कार्रवाई हेतु आवेदन जिला कलेक्टर रीवा के माध्यम से जिसमें रीवा अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन सेवनिवृत्त सुबेदार मेजर (कैप्टन) रामसुमिरस द्विवेदी ग्राम रौली पोस्ट इटमा तहसील सिरमौर जिला-रीवा (म0प्र0), के बेटे रघुनाथ प्रसाद द्विवेदी राइफल मैन जी0डी0 असम रायफल मणीपुर (म्यामार)



वर्मा वार्डर पर कार्यरत थे जो उग्रवादियों लड़ते-लड़ते 17.11.2015 को वीरगति को प्राप्त हो गये थे उस समय भी भाजपा की सरकार थी और आज भी भाजपा की सरकार है सांसद रीवा जनार्दन मिश्रा एवं विधायक राजेन्द्र शुक्ला रीवा शहीद के घर में आकर सरकार द्वारा जो भी घोषणा हुई है तत्काल प्रभाव से पूर्ण होगी ऐसा वादा करके गये थे, लेकिन आज दिनांक तक पूर्ण नही हुआ जबकि प्रार्थी रीवा सांसद जनर्दन मिश्रा के बंगले में पिछले 9 वर्षों से लगातार 40 बार से उपर जा चुका है लेकिन वही झूठा अश्वासन मिलता आ रहा की शहीद कोटे से पेट्रोल पम्प का आवाटंन होने वाला है और पेट्रालियम मंत्री से बात चल रही है। लेकिन आज दिनांक तक शहीद कोटे से पेट्रोल पम्प की प्रक्रिया पूरी नही हुई और न ही आज तक आवंटन की गई इस कारण शहीद का परिवार काफी आहत् है और बार-बार भारत सरकार एवं राज्य सरकार से निवेदन करता है कि जल्द से जल्द पेट्रोल पम्प आवाटंन करने की कृपा की जाय। रीवा एस डी एम वैशाली जैन से मिलकर आज दिनांक 23/09/24 को ज्ञापन सौंपा गया इस कड़ी में श्री परशुराम जन कल्याण सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र के साथ साथ संगठन के पदाधिकारी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय शंकर दूवेदी राष्ट्रीय संगठन मंत्री कमलेश तिवारी प्रदेश संगठन मंत्री टी एन दूवेदी तहसील सेमरिया अध्यक्ष रामयश अवस्थी जिला पन्ना अध्यक्ष संजय पांडे एवं विजय पांडेय बालकृष्ण शुक्ला ?कुलदीप मिश्रा के अलावा भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य? रहे मौजूद

# शराब के विरोध महिलाए ठेके पर पहुंची लाठी डंडा लेकर, सेल्समैन ने खुद को ठेके के अंदर किया बंद

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/नवाबगंज। थाने के गांव सलेमपुर त्यौरी से बसंतापुर जाने वाले मार्ग पर ठेका देशी शराब की दुकान है। शराब पीकर घर आए लोगों द्वारा महिलाओं व बच्चों से विवाद करने से परेशान लगभग 50 से अधिक महिलाएं सोमवार सुबह लगभग 11 बजे लाठी डंडे लेकर अपने बच्चों के साथ ठेके पर पहुंची। महिलाओं ने मौजूद सेलमैन सुनील कुमार को गाली गलौज कर ठेके को बंद करने का दवाब बनाया। जिससे सेलमैन ने दुकान के दरवाजे को अंदर से बंद कर जानकारी नवाबगंज निवासी ठेकेदार प्रीती गुप्ता के पति विमलेश गुप्ता को दी। इसी बीच महिलाओं ने डंडों से दुकान के जंगले में लगी खिड़की तोड़ दी। और महिलाएं दुकान के सामने जमीन पर बैठ गई। सूचना पर एसएसआई रामसिंह, एसआई संतोष कुमार ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझा बुझाकर सेलमैन को बाहर निकाला। नायब



तहसीलदार कायमगंज अनवर हुसैन, आवकारी निरीक्षक राजेश चौबे, राजस्व निरीक्षक रामेंद्र कुमार, लेखपाल पवन कुमार आदि ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। लेकिन महिलाएं ठेके को हटाने की जिद पर अड़ी रही। उपजिलाधिकारी कायमगंज रवींद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं से जानकारी ली। महिलाओं ने ठेके पर चौवीस घंटे शराब की बिक्री होने व सलेमपुर से हटाकर उम्मरपुर करवाने की मांग की। जांच में ठेके का स्थान सलेमपुर त्यौरी में होने पर उपजिलाधिकारी ने ठेकेदार को दुकान गांव उम्मरपुर ले जाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने महिलाओं को 3 अक्टूबर तक ठेके को उम्मरपुर पहुंचाने के आश्वासन पर महिलाएं मौके से चली गई।

# बहेलिया समाज पहुंचा कमिश्नर कार्यालय किया प्रदर्शन बोले साहब पुलिस ने निर्दोषो को पकड़ा साहब करो इंसाफ

क्यूँ न लिखूँ सच -सिकंदर राजा

उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद कमिश्नर कार्यालय पहुंचे बहेलिया समाज से जुड़े लोगों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं आपको बता दें अलग-अलग शहरों से आए बहेलिया समाज के लोग बोले हमारे परिवार के लोगों को पुलिस ने बिना किसी बजय उनको बंद कर दिया है ना तो कोई उनके ऊपर केस है ना तो उन्होंने कोई गलत काम किया है लेकिन फिर भी पुलिस ने हमारे लोगों को उठाकर बंद कर दिया है पीड़ित परिजनों का आरोप है कि पुलिस के कुछ मुखबिर है जिनके कहने पर पुलिस यह काम कर रही है आरोप ये भी है कि पुलिस और मुखबिर ये चाहते हैं कि हम लोगों से एक मोटी रकम मिल जाएं इसी वजह से ये हम पर उत्पीड़न करने में लगे हैं परिजनों का यह भी कहना है कि हमने कहा



कि हम पर इतने पैसे नहीं है तो पुलिस के मुखबिर जिनका नाम सूरजभान , तहसील बिसौली जिला बदायूं निवासी ब इब्राहिम ,पप्पू , अमरीश आजम, कादर ख़ान केनूर ये लोग है जो हमसे यह बात कह रहे हैं अच्छा पैसे नहीं है तो चलो ठीक है हमारे पास आ जाओ और हमारे साथ हम बिस्तर हो जाओ हम तुम्हारा काम करवा देंगे तुम्हारे लोगों को पुलिस से छुड़बा देंगे बहेलिया समाज के लोग कमिश्नर कार्यालय पर पहुंचे हैं और एक ज्ञापन भी सोपा है जिसमें यह मांग की है कि मोहम्मद हसन शाह ब जाकिर, अनबार शाह, दिलशाद,शाह, फरजान शाह शौकीन शाह, अबराज खान, व अभिषेक निर्दोष है उनको पुलिस गिरफ्त से छुड़वाया जाए और जो मुखबिर है जो पैसों की मांग कर रहे हैं इन लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए दरअसल बहेलिया समाज से जुड़े लोगो पर हो रहे उत्पीड़न को देख राष्ट्रीय बेलिया जनजाति विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक नेम सिंह बहेलिया, वहीं भारतीय लोकतंत्र बचाओ मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार सिंह एडवोकेट और हरि समाज सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ श्याम कुमार हरी के साथ-साथ आदि कई लोगों ने समर्थन दिया है

# राजश्री कालेज में जन जागरण रैली का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा ।राजश्री कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्माकोविजिलेंस क्षेत्र में जन जागरण कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। जन-जागरण रैली का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने किया। उन्होंने बताया कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति में प्रयुक्त औषधि और जनमानस को उनसे होने वाले उसके दुष्प्रभावों से सतर्क रहना बेहद आवश्यक है। पोस्टर प्रेजेंटेसन के तहत औषधियों के दुष्प्रभावों को चिंहित




कर इससे सतर्क रहने का संदेश दिया। जिसमें अनुराग सिंह के पोस्टर को प्रथम, अरबाव शम्सी को द्वितीय व आकाश सिंह तोमर को तृतीय स्थान मिला। रैली के दौरान निकटवर्ती क्षेत्रों के मरीजों एवं आम जन मानस के मध्य औषधियों दुष्प्रभावों पर परिचर्चा एवं परामर्श सेवायें प्रदान की। कार्यक्रम सफल बनाने में रजिस्ट्रार, दुष्यंत माहेश्वरी प्राचार्या डॉ? सुचेता सिंह, बैशाली भारद्वाज, भूपेन्द्र, रविन्द्र, राहुल रॉय, अफसर अली, वंशिका सक्सेना, सहित समस्त स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा।

# दशहरा मेला एवं रावण दहन कार्यक्रम को लेकर समिति की बैठक संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच - राजेंद्र विश्वकर्मा

कालपी - गामी 12 अक्टूबर को दशहरा पर्व के अवसर पर्व पर दशहरा मेला एवं रावण वध की तैयारियों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की मौजूदगी में श्री सेवा समिति के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। स्थानीय नगर से मोहल्ला राम चबूतरा स्थित श्री सेवा समिति जूनियर हाई स्कूल कालपी के परिसर में प्रमुख समाजसेवी डॉक्टर नरेश मैहर की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका शिक्षण कालपी के अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि दशहरा में मेले को धूमधाम से आयोजित करने के लिए पालिका परिषद के द्वारा



उचित प्रबंध किये जाएंगे। कार्यक्रम के संयोजक जय खत्री ने बताया कि दशहरा मेला ग्राउंड एम एस वी इंटर कॉलेज मैदान में 40 फीट ऊंचा रावण के हाईटेक पुतले को बनाया जाएगा। निर्धारित मुहूर्त के मुताबिक धार्मिक प्रीत रिवाज से रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। मेला ग्राउंड में दूर- दूर से आने वाले कलाकारों के द्वारा रावण वध को लेकर मंचन का आयोजन भी होगा। दशहरा मेले के ग्राउंड में सामाजिक, राजनीतिक, व्यापारिक समेत विभिन्न संगठनों के द्वारा पंडाल लगा करके दशहरा मिलन का भी आयोजन होगा। उन्होंने नगर वासियों से आवाहन किया है कि मेले में हिस्सा लेकर सद्भावना की मिसाल पेश करें।

## आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन तीन सैकड़ा मरीजों को मिली राहत

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/ कमालगंज। सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया जिसमें भारत सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान कार्ड विधायक ने अपने हाथों से पांच लोगों को वितरित किए और आए हुए लोगों को आयुष्मान कार्ड के विषय में जानकारी दी की इस योजना में जनता को सरकार की तरफ से कार्ड धारक को पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है जिससे हर गरीब से गरीब आदमी बीमार होने पर असाध्य रोगों का इलाज करा सके जिससे कोई भी व्यक्ति बिना अच्छे इलाज से वंचित ना रहे आज आयुष्मान पखवाड़ा आयोजन में तीन सैकड़ा से अधिक मरीज जिसमे जच्चा बच्चा, खांसी,जुकाम ,खुजली, बुखार के मरीजों को देखा गया और जरूरत के हिसाब से सभी को आवश्यक




दवाएं वितरित की गई प्रभारी चिकित्सा धिकारी अजय यादव, डॉक्टर विकास पटेल, मानसिंह, पवन सिंह, सुभाष चंद्र, राजीव कटियार आदि ने सहयोग किया

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# ओरिएंटेशन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मचाया धमाल

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा ।मैस्कॉट ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट में सोमवार को नवीन प्रवेश लेने वाले बी0 एड0,बीए ,बीएससी, बी फार्मा ,डी फार्मा के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर संतोष



अरोड़ा विभाग अध्यक्ष बी एड़, एम एड़ एम0जे0पी0आर0यू0 , प्रोफेसर राजेश यादव डायरेक्टर ऑफ़ फार्मेसी मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी रामपुर का संस्थान के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल,प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल, डॉक्टर मोहित अग्रवाल ने सबसे पहले मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर सभी महानुभावों का? पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम से संबंधित विभिन्न जानकारियां दीं। डॉक्टर संतोष अरोड़ा ने छात्र-छात्राओं को बताया आप किस तरह से अपने प्रोफेशन से समाज का निर्माण कर सकते हो ,आज के बदलते परिवेश में व्यक्ति के प्रोफेशन का प्रभाव संपूर्ण समाज पर पड़ता है।आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं।इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर जयकरन माथुर, डॉक्टर सोमा गौड़,प्रेमपाल गंगवार,संध्या पटेल, कुलदीप, मंगेश, सचिन श्रीवास्तव, राजपाल, संजीव कुमार ,तान्या गंगवार, तनु पांडे , शक्ति गंगवार, फार्मेसी के विभाग अध्यक्ष डॉ विकास रस्तोगी आदि स्टार किया । कार्यक्रम का संचालन सोनू जगदाले ने किया।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में मारी टक्कर, दंपति सहित तीन घायल, दो के टूटे पैर

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/ अमृतपुर। थाना राजेपुर क्षेत्र निवासी दंपति अपने भतीजे के साथ बाइक से हरदोई स्थित मंदिर जा रहे थे। तेज रफ्तार बस ने उल्टी साइड आकर बाइक में टक्कर मार दी। जिससे गिरकर दंपति सहित तीनों घायल हो गए। एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया।जहां से जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा हैं कि थाना राजेपुर के ग्राम पूर्वी गोटिया निवासी सुरेंद्र चंद्र पाल अपने चाचा सीताराम और चाची राम श्री के साथ बाइक से सोमवार को जा रहे थे।वह हरदोई जनपद में स्थित एक मंदिर पर दर्शन करने जा रहे थे। जमापुर मोड़ से पहले सामने से आ रही बदायूं डिपो की एक रोडवेज बस ने उल्टी साइड आकर टक्कर मार दी।जिससे बाइक चला रहे सुरेश और उनके चाचा चाची गिरकर घायल हो गए। चालक बस को भगा ले गया।ग्रामीणों की मौके पर भीड़ आ गई।एंबुलेस बुलाकर तीनों घायलों को सीएचसी राजेपुर में भर्ती करवाया गया।जहां से जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल लोहिया में तीनों घायलों को भर्ती कर उपचार शुरू किया गया है घायल सुरेश और घायल सीताराम के पर फैक्कर हुए हैं।

# 10-10 लीटर अवैध शराब समेत दो लोग गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कालपी- स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अलग- अलग स्थानो से इलाकाई पुलिस के द्वारा 10 -10 लीटर से भरी नाजायज शराब समेत दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उप निरीक्षक जगन्नाथ सिंह गस्त कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था




में घूम रहे एक आरोपी युवक शिवराज सिंह को रोक कर तलाशी ली गई तो उसके पास से कट्टी में भारी 10 लीटर नाजायज शराब बरामद की हुई। इसी प्रकार उप निरीक्षक राम जी के द्वारा रायड़ रोड में उपनिरीक्षक राम जी ने आरोपी युवक सरनाम सिंह को 10 लीटर नाजायज शराब से भरी कट्टी समेत दबोच लिया गया।पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को खिलाफ आबकारी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया है।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

OWN STATE

www.knlslive.com

24 September 2024



# ग्रामीणों ने कलेक्टर से माँ गढ़वतिया देवी धाम में की मूल सुविधाओं की माँग

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर के ग्राम पंचायत महूली में मां गढ़वतिया देवी धाम है यहां मूल सुविधा नहीं है सड़क पानी बिजली सहित प्राचीन मूर्ति बिखरें पड़े हुए हैं इसी को देखते हुए ग्रामीण एकजुट होकर कलेक्टर से यहां की है चांदनी बिहारपुर क्षेत्र एक सहमति से जनदर्शन के माध्यम से के मां गढ़वतीया देवी धाम में हाई ने बताया की हमारे सूरजपुर जिला ग्राम महुली के पहाड़ में प्राचीन नाम से प्रसिद्ध देवी स्थल है जो वंचित हैं जैसे पानी, रोड, बिजली मूलभूत सुविधाएं नहीं है जो कि तक किसी भी तरह की कोई लाभ



मूल सुविधा मुहैया कराने की मांग दर्जन से अधिक ग्राम पंचायत के कलेक्टर को दिया आवेदन महुली मास्क लाइट भी नहीं है ग्रामीणों के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के मंदिर मां गढ़वतिया देवी धाम के की अनेक मूलभूत सुविधाओं से लाइट, सीढ़ी निर्माण जैसी कई यहां के शासन प्रशासन द्वारा आज आज तक नहीं मिल पाया है जबकि नवरात्रि एवं अन्य समय में भी यहाँ भक्तों का भीड़ रहता है हम सभी पंचायत के ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी सूरजपुर कलेक्टर आग्रह करते हैं कि मां गढ़वतीया देवी धाम में दो हाई मास्क लाइट सहित मूलभूत सुबिधा उपलब्ध करायें

# भाजपा के सेक्टर अध्यक्ष ने फांसी लगाने का किया प्रयास

क्यूँ न लिखूँ सच
अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/कमालगंज। कल देर शाम कमालगंज नगर मोहल्ला शास्त्री नगर प्रथम में रहने वाले स्व प्रमोद गुप्ता के 35वर्षीय पुत्र गौरव गुप्ता वर्तमान में भाजपा के सेक्टर अध्यक्ष पद पर कार्यरत है उनकी सामाजिक कार्यकर्ता के रुप मे अच्छी छवि वाले लोगों में पहचान है लेकिन दुर्भाग्य से कल शाम को परिजनों से कहासुनी अनबन के चलते उन्होने घर के कमरे मे फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया लेकिन परिजनों की सतर्कता से उनको दरवाजा तोडक़र फांसी के फंदे से उतार लिया गया। उनकी गम्भीर रूप से हालत को देखकर तुरन्त



सरकारी अस्पताल कमालगंज पहुंचाया गया जहा पर डॉक्टर मानसिंह ने उनकी गम्भीर हालत को देखते लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया जहा पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेन्टर कानपुर के लिए भेज दिया जहा पर सूत्रों से मिली। जानकारी के अनुसार अब उनकी हालत स्थिर है और खतरे से बाहर बताई जा रही है परन्तु उनको बोलने में दिक्कत हो रही है डाक्टरों के अनुसार वह जल्द स्वस्थ होंगे उनके फांसी लगने की सूचना पर भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर रात को लोहिया अस्पताल पहुंच गए थे और उनके जल्द स्वस्थ होने के साथ ही हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

# गाँव इस्माइलपुर में प्रथम टूर्नामेंट कबड्डी का

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ आयोजन जाट महाराजा सूरजमल समस्त ग्राम वासी सोलंकी परिवार की तरफ से मुख्य अतिथि हेमन्त सोलंकी के साथ फीता



काटकर कबड्डी का शुभारंभ किया। चौधरी हरवीर सिंह सोलंकी चौधरी नरपाल सिंह सोलंकी करन सोलंकी राजू सोलंकी अर्जुन सोलंकी दाताराम सोलंकी धीरज सोलंकी। विष्णु सोलंकी समस्त युवा बच्चे समस्त गांव वासी उपस्थित

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले - बूथों पर सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी को मजबूत करेंगे

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि बूथों पर सदस्यता अभियान चलाकर हम पार्टी को मजबूत करेंगे। दो सितंबर से 25 सितंबर तक पहले चरण के अभियान के बाद एक अक्तूबर से




दूसरा चरण शुरू होगा, जो 15 अक्तूबर को समाप्त होगा।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा पर आधारित दल है। हम लोगों के बीच अपने विचारों के साथ जाते हैं।उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए बूथों पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। दो सितंबर से 25 सितंबर तक पहले चरण के अभियान के बाद एक अक्तूबर से दूसरा चरण शुरू होगा, जो 15 अक्तूबर को समाप्त होगा।सदस्यता अभियान प्रारंभ होने के 18 दिन में ही पार्टी ने उत्तर प्रदेश में एक करोड़ नए सदस्य बना लिए थे। सदस्यता अभियान में हरदोई जिले ने 1,74,769 सदस्य बनाकर पहले स्थान पर जगह बनाई। अमरोहा ने 1,69,785 सदस्य बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया। लखनऊ तीसरे स्थान पर है, जहां 1,67,578 सदस्य बनाए गए। इसी तरह बुलंदशहर चौथे और कुशीनगर पांचवें स्थान पर रहा। बहराइच 1,27,723 सदस्य बनाकर नौवें स्थान पर रहा। वहीं, सबसे ज्यादा 70,010 सदस्य बनाकर आगरा विधानसभा पहले स्थान पर रहा। अयोध्या विधानसभा में 53,585 और बक्शी का तालाब विधानसभा में 47,660 सदस्य बनाए गए।

# नौकरी और ढेर सारा पैसा...ऐसा ऑफर जिसे कोई भी न कर सके मना; धर्मांतरण मामले में नया खुलासा

मथुरा में धर्मांतरण मामले में नया खुलासा हुआ है। नौकरी और ढेर सारे पैसे का लालच देकर धर्मांतरण कराया जा रहा था। इनक नेटवर्क दिल्ली से मुंबई तक फैला हुआ है। पुलिस ने पांच आरोपी गिरफ्तार किए हैं।मथुरा में धर्मांतरण की कोशिश के मामले की जांच कर रही पुलिस टीम को व्हाट्सएप ग्रुप व अन्य दस्तावेज की जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य मिले हैं। इसके अनुसार, गिरोह का नेटवर्क उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि दिल्ली, मुंबई (महाराष्ट्र), केरल, उड़ीसा के साथ ही कई अन्य राज्यों में फैला है। यह बात भी सामने आई है कि गिरोह के सदस्य प्रार्थना सभा के माध्यम से लोगों का धर्म परिवर्तन कराते थे। थाना हाईवे की इंद्रपुरी कॉलोनी में भी शनिवार को कुछ ऐसा ही करने की कोशिश की जा रही थी।इस संबंध में तुलसी नगर की हंसराज कॉलोनी निवासी राकेश कुमार ने धर्मांतरण गिरोह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी अमर देव जाटव उन्हें पिछले एक महीने से प्रत्येक शनिवार और रविवार को अपने घर बुला रहा था। शनिवार सुबह सात बजे अमर देव ने उन्हें परिवार के साथ अपने घर बुलाया। वहां पहुंचने पर घर में प्रार्थना सभा चल रही थी। धर्मांतरण गैंग के सदस्य बेहद शातिर हैं। ये लोग गरीब लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। घनी आबादी वाले ऐसे इलाके में अपना ठिकाना बनाते हैं। धर्मसभा के माध्यम से दी जा रही



जानकारियां- जब पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन खंगाले तो कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आईं। गिरोह ने हर राज्य से लिए अलग व्हाट्सएप ग्रुप बना रखा था। ग्रुप में धर्मसभा के माध्यम से धार्मिक जानकारियां दी जा रही थी। शामिल लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था। धर्म परिवर्तन करने के बाद उन्हें क्या क्या लाभ मिलेंगे। इन सब बातों की जानकारी ग्रुपों के माध्यम से ही प्रेषित की जा रही थी। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह की तह तक जाने के प्रयास में लगी है। धार्मिक पुस्तकें, पोस्टर मिले - मामले में नामजद अमर देव जाटव निवासी इंद्रपुरी कॉलोनी, थाना हाईवे, सैनसन सैमुअल निवासी गुरुग्राम, विकास भोई निवासी शालीमार बाग, राकेश निवासी आजादपुर और अजय सेल्वराम निवासी गौतमनगर, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से धार्मिक पुस्तकें, पोस्टर आदि बरामद हुए हैं। मंशा भांप सभा से निकले और पुलिस को दी सूचना- सभा में मौजूद लोगों को प्रलोभन देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। इन लोगों की मंशा भांपते ही वह वहां से निकले और कॉलोनी वासियों के साथ पुलिस को मामले की सूचना दी। राकेश की तहरीर पर पुलिस पांचों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित के अनुसार, लालच देकर उसका भी धर्मांतरण करवाना चाहते थे। ताइवानी नागरिक की भूमिका की छानबीन, पूछताछ कर छोड़ा- मामले में ताइवान के नागरिक सिंगफू को मौके से पकड़ा था। जांच में उसके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। ऐसे में पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सिंगफू जुलाई 2023 में भारत आया था। उसके पास जुलाई 2025 तक का वीजा है। वह आरोपी सैनसान मैनुअल के साथ रह रहा था। घूमने के इरादे से मथुरा आया था। वह ताइवान की निजी कंपनी में नौकरी करता है।

# राज्य के अदालती मामलों को लेकर SC की अहम टिप्पणी, कहा- कोर्ट की सुनवाई में स्टेट 'एकल वादी'

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, मिजोरम सरकार के वन विभाग और राजस्व विभाग के बीच कुछ आपसी विवाद हैं। हमने बार-बार दोहराया है कि अदालतों के लिए राज्य एक %एकल वादी% है और राज्य को सभी संबंधित विभागों को शामिल करने के बाद एक एकीकृत रुख अपनाना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मिजोरम के वन और राजस्व विभागों से जुड़े एक अंतर-विभागीय विवाद को लेकर अहम टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत की ओर से कहा गया है कि, राज्य को अदालती कार्यवाही में %एकल वादी% के तौर पर काम करना चाहिए। सभी संबंधित विभागों को एकीकृत करके उनकी वकालत करनी चाहिए। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ की यह टिप्पणी मई 1965 की अधिसूचना से संबंधित मामले को लेकर है। जिसमें मिजोरम सरकार के वन और राजस्व विभागों के बीच आपसी विवाद चल रहा है। यह मामला मई 1965 की एक अधिसूचना से जुड़ा है। जिस पर दोनों विभागों एक दूसरे के खिलाफ कोर्ट में हैं। जिसे मूल रूप से जनवरी 2021 में गुवाहाटी हाई कोर्ट की आइजोल पीठ के एकल न्यायाधीश द्वारा अस्थिर घोषित किया गया था। राजस्व विभाग और वन विभाग के बीच विवाद- बता दें कि, मिजो जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा पारित आदेश में तुइरियल नदी और 15 अन्य नदियों के दोनों ओर आधे मील के भीतर स्थित वनों को परिषद द्वारा आरक्षित वन घोषित किया गया है। जो कानूनी तौर पर समावेशी नहीं है। राज्य ने हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष अपील की थी, लेकिन 9 नवंबर, 2022 को उसने अपील वापस लेने की छूट मांगी और आवश्यकता पड़ने पर नई अपील दायर करने की भी छूट मांगी। जिसके बाद शीर्ष अदालत ने मिजोरम राज्य और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) सहित विभिन्न पक्षों की दलीलों पर गौर किया कि एकल न्यायाधीश के फैसले से विभिन्न समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। कोर्ट का मानना है कि, यह उचित होगा कि उक्त रिट अपील को संबंधित मामलों के साथ मूल फाइल में बहाल किया जाए तथा उनके गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने का निर्देश दिया जाए। %हाईकोर्ट 3 महीने में निर्णय करे%- सुप्रीम कोर्ट की इस बेंच में न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि यह सर्वोच्च न्यायालय के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का प्रयोग करने और अपील को हाईकोर्ट



की खंडपीठ के पास वापस भेजने का उपयुक्त मामला है। पीठ ने अपील को बहाल करते हुए कहा कि, मामले के महत्व को ध्यान में रखते हुए, हम हाईकोर्ट से अनुरोध करते हैं कि वह उक्त अपील पर यथाशीघ्र और किसी भी स्थिति में आज से तीन महीने की अवधि के भीतर निर्णय करे। पीठ ने कहा कि उसने जुलाई में हाईकोर्ट के एकल न्यायाधीश के फैसले पर रोक लगा दी थी, जो आदेश अपील के निपटारे तक लागू रहेगा। पिछले सप्ताह पारित अपने आदेश में पीठ ने कहा, 卐ऐसा प्रतीत होता है कि मिजोरम सरकार के वन विभाग और राजस्व विभाग के बीच कुछ आपसी विवाद हैं। हमने बार-बार दोहराया है कि अदालतों के लिए राज्य एक %एकल वादी% है और राज्य को सभी संबंधित विभागों को शामिल करने के बाद एक एकीकृत रुख अपनाना चाहिए। %मामले को जल्दी सुलझाएं ताकि विकास कार्य ना रुकें%- शीर्ष अदालत ने कहा कि यह उचित होगा कि मिजोरम के मुख्य सचिव राजस्व और वन विभाग के सचिवों के साथ बैठक करें ताकि इस मुद्दे को सुलझाया जा सके। हम अनुरोध करते हैं कि इसे यथासंभव शीघ्रता से किया जाए ताकि क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण परियोजनाएं रुकी न रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुष्मान भारत योजना के 6 वर्ष पूरे होने पर जनपद में आयुष्मान फगवाड़ा 30 सितंबर तक चला जा रहा है

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली आयुष्मान भारत योजना के छह वर्ष पूर्ण होने पर जनपद में दिनांक 20 सितम्बर से 30 सितम्बर तक आयुष्मान पखवाड़ा चलाया जा रहा है। उक्त पखवाडे के तहत जनपद में आयुष्मान भारत योजना के ऐसे लाभार्थी जिनके द्वारा अभी तक अपने आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाये गये है ऐसे पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेगे एवं आयुष्मान भारत योजना डिजीटल हैल्थ मिशन के अन्तर्गत आभा आई0डी0 भी बनवायी जायेगी। पखवाडे के दौरान समस्त स्वास्थ्य इकाईयों पर आयुष्मान भारत योजना एवं आयुष्मान भारत डिजीटल हैल्थ मिशन के विषय में लोगो को जागरूक किया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कुमार द्वारा बताया गया कि जनपद के समस्त सामु0 स्वा0 केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों पर आयुष्मान भारत योजना के 06 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दिनांक 23.09. 2024 दिन सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाये जायेगे। उक्त कैम्पों में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगो का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। सामु0 स्वा0 केन्द्र कैराना में श्री एमएससी विरेन्द्र सिंह द्वारा , सामु0स्वा0 केन्द्र थानाभवन में श्री दिनेश कुमार गोयल एवं सामु0 स्वा0 केन्द्र शामली में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तेजेन्द्र निर्वाल जी कैम्पों का उदघाटन करेंगे।

### 7 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, घर के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला व्यक्ति का शव

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली।जनपद शामली में एक व्यक्ति का शव उसी के घर के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। व्यक्ति की हत्या की आशंका जताते हुए परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज गया। थाना भवन थाना क्षेत्र के कस्बा थाना भवन के शाह विलायत माजरी का मामला है। जहाँ के रहने वाले व्यक्ति सत्यवान ( उम्र 45 ) का शव उसके ही घर के गेट पर सुबह बरामद हुआ है। सुबह जब उसकी बेटी खेत जाने लगी तो घर के गेट पर अपने पिता सत्यवान का शव देखकर चिल्लापड़ी। लड़की के चिल्लाने की आवाज सुनकर अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और देखा कि सत्यवान का शव बाहर घर के गेट के पास खून से लतपत होकर पड़ा है। जिसके सिर में भी चोट थी। मृतक व्यक्ति के परिजनों की सूचना पर तुरंत पुलिस को मौके पर पहुची। शव मिलने की सूचना पर थानाभवन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक सत्यवान दो भाई है। दूसरा भाई अपनी बीमार पत्नी को लेकर ऋषिकेश गया हुआ है। बताया गया कि दोनों भाई मजदूरी करते हैं। मृतक की पत्नी का दस वर्ष पूर्व निधन हो गया था। मृतक की माता मीला देवी ही बच्चों की देखभाल करती है। मृतक के सात बच्चे हैं, जिनमें चार लड़की और तीन लड़के हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया और फोरेंसिक जांच टीम को बुलाकर सबूत को इकट्ठे करने का प्रयास किया। वहीं इस मामले में मृतक की बेटी का कहना है, कि वह सुबह जब खेत पर जाने लगी तो तब देखा कि मेरे पापा की डेड बॉडी खून से लतपत होकर घर के गेट के बाहर पड़ी थी। जिनके सिर पर काफी चोट थी। उसके बाद अपने परिजनों को बताया और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है।

### बिल्डर के बंद घर पर बदमाशों ने बोला धावा, 25 लाख के जेवर और 15 लाख की नकदी ले गए

लखनऊ के चिनहट के विकल्प खंड में चोरों ने बिल्डर के बंद घर में 40 लाख रुपये चोरी कर लिए। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।राजधानी लखनऊ के चिनहट के विकल्प खंड में शनिवार रात बिल्डर के बंद मकान



से चोरों ने 25 लाख के जेवर और 15 लाख रुपये चोरी कर लिए। घटना की सूचना पर एसीपी विभूतिखंड मौके पर पहुंचे जबकि डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुट गई।विकल्प खंड के गौरव विहार में बिल्डर धीरेंद्र प्रताप सिंह पत्नी साधना और बच्चे अभय और खुशी के साथ रहते हैं। धीरेंद्र शनिवार दोपहर दो बजे परिवार के साथ अपने गांव प्रतापगढ़ के खानीपुर गए हुए थे।अगले दिन वह जब रात 11 बजे लौटे तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। कमरों का सारा सामान अस्तव्यस्त था। अलमारी खुली पड़ी थी जिसमें रखे जेवर और नकदी गायब थीं। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर इंस्पेक्टर चिनहट पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे।

# Fans saw glimpses of mother-in-law Neetu Kapoor in Alia Bhatt, shared pictures and told the similarities

Bollywood's well-known actress Alia Bhatt recently reached The Great Indian Kapil Show to promote her upcoming film 'Jigra'. During this, fans have seen a glimpse of her mother-in-law Neetu Kapoor in her looks. Alia Bhatt is one of the famous and popular actresses of Hindi films. She gets a lot of praise for her versatile acting ability. She completely gets into her character, making it very difficult to recognize her. Alia is in the news these days for her upcoming film Jigra. The audience is going to see her brilliant acting in this film too. Recently, the team of the film reached Kapil Sharma's show The Great Indian Kapil Sharma Show to



promote this film. After her appearance, fans are talking interesting things about the actress on social media. Some fans feel that the actress has started looking exactly like her mother-in-law Neetu Kapoor. Fans saw similarity between Alia and Neetu Kapoor The second season of Netflix's comedy series The Great Indian Kapil Sharma Show premiered last Saturday. The team of Jigra film attended the first episode, which included Alia Bhatt, Vedang Raina and Karan Johar. After watching this episode, fans on social media say that Alia has started looking exactly like her mother-in-law Neetu Kapoor. She has also kept her hair style similar to Neetu Kapoor's bob style. To show this, fans have shared pictures of Alia and Neetu Kapoor similar to each other on social media. People gave interesting reactions- During the show, Alia Bhatt wore a blue dress with statement gold jewellery. However, her hairstyle has attracted a lot of attention from the fans. Fans believe that she looked similar to Ranbir Kapoor's mother Neetu Kapoor during this time. Expressing opinion on social media about this, a fan wrote, "She looks exactly like Neetu." Another fan wrote, Alia is like a potato, she fits anywhere. Another fan wrote, "Oh my god, Neetu looks just like Alia." Fans are seeing a lot of similarity in these pictures of mother-in-law and daughter-in-law and they are reacting fiercely to these pictures. 'Jigra' will be released on October 11 - Let us tell you that 'Jigra' is going to be released on October 11 this year. The film is an emotionally intense film based on the relationship between brother and sister. Alia Bhatt and Vedang Raina are playing the role of brother and sister in the film. At the same time, famous actor Manoj Pahwa is also going to be seen in an important role in the film. This film is directed by Vasan Bala. The film is produced by veteran producer-director Karan Johar. Some time ago, Alia had said about the film that it is a story of 'courage, passion and determination'.

# Sharvari wanted to do her first film with this director, Alpha star said - shortlisted...

Alpha actress Sharvari Wagh recalled an old anecdote during an interview and told with which director she wanted to start her film career. Sharvari Wagh is currently in the news for her upcoming YRF spy film Alpha. Sharvari is currently busy shooting for the film Alpha with Alia Bhatt. She is also enjoying the success of her recent film Munja, Maharaj and Ved. Sharvari started her acting career with Kabir Khan's The Forgotten Army: Aazadi, but before



that, she worked as an assistant director in Sanjay Leela Bhansali's Bajirao Mastani. Recently, she revealed that she wanted to do her first film with director Sanjay Leela Bhansali, but despite being selected in the film, something happened that she could not do her first film with Sanjay. Wanted to do first film with Sanjay Leela Bhansali - According to media reports, during an interview, Sharvari revealed that she became an assistant director in the film Bajirao Mastani starring Ranveer Singh, Priyanka Chopra and Deepika Padukone, when she went to audition for a film produced by the filmmaker, something happened that she had never thought of. Sharvari said, "I was supposed to do a film with Sanjay sir's production house. I auditioned for it and was shortlisted but things did not go as planned and the film was not made." This is how she got a chance to work with Sanjay - Sharvari said, "Due to some technical reasons, that film got a little halted. He had to think something and work on the script again." Sharvari further said, "During that time, when Sanjay asked her if she could assist him. He told that Bajirao Mastani was also in production and Sharvari expressed her desire to do an internship in Bajirao Mastani." Then Sanjay agreed and made her work as an assistant director in his film Bajirao Mastani. Talking about work, Sharvari is currently busy shooting for Shiv Rawail's Alpha with Alia Bhatt. Alpha is YRF's action drama spy film. Which can reportedly hit the theaters in 2025. Both recently completed the Kashmir schedule and shared a picture from the set. However, both Alia and Sharvari have now returned to Mumbai. According to media reports, Alia Bhatt and Sharvari Wagh will play the role of a super-agent in this film of YRF Spy Universe. At the same time, Bobby Deol can be seen in the role of a villain in this film. Let us tell you that the film Alpha is being directed by Shiv Rawail and produced by Aditya Chopra.

# Kareena Kapoor was advised not to get married, people said it could ruin her career

An old video of actress Kareena Kapoor Khan, who recently completed 25 years in Bollywood, is going viral. In this video, she is seen saying that people had advised her not to get married saying that it could ruin her career. Kareena Kapoor Khan is a well-known actress of Hindi cinema. She has worked in many brilliant and successful films. She has played some such characters on screen, which are still highly appreciated. Recently, the actress celebrated her 44th birthday on 21 September. During this, she received wishes from many celebrities. Meanwhile, an old interview of her is going viral, in which she talked about the reactions of people when she revealed that she was getting married. People had advised her not to get married -Kareena is an actress with versatile acting abilities in Hindi cinema. She has completed 25 years in the industry thanks to her brilliant acting skills. The actress also married Saif Ali Khan during this time and is now the mother of two children. However, she is still very active in films and is constantly seen on screen. In an old interview of the actress, which is going viral these days, she told that people had told her not to get married because it would end her career, but she did not pay attention to it and today she is one of the most successful actresses. Married to Saif in the year 2012 - The actress said in a conversation with Fever FM, "People like to see that connectivity. People used to say, 'Don't get married! Your career will end!' I used to say, 'Okay, if my career ends, it doesn't matter!' I have also worked a lot before and after marriage. During this time, children were also born. So I think it is about taking challenges, believing in yourself and going against the currents." Let us tell you that Kareena and Saif Ali Khan got married on 16 October 2012. Both have two sons from this marriage - Taimur Ali Khan and Jahangir Ali Khan. Will be seen in 'Singham Again' - Talking about Kareena's work front, she has appeared in the recently released film 'The Buckingham Murders'. This film is directed by Hansal Mehta. The film was released in theaters on September 13, 2024. Apart from this, she will soon be seen in 'Singham Again'. She will be seen with many other stars in this installment of the Cop Universe directed by Rohit Shetty. Actors like Ajay Devgan, Akshay Kumar, Ranveer Singh etc. will also be seen with her in the film. The film is going to be released on November 1 on the occasion of Diwali this year.



